जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी




सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-29 | जयपुर, सोमवार, 7 अगस्त, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## सीएम गहलोत का बड़ा फैसला : 8 लाख से कम आय वाले सभी वर्गों को नहीं देना पड़ेगा चिरंजीवी योजना का प्रीमियम

**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। 8 लाख से कम आय वाले सभी वर्गों को नहीं देना पड़ेगा चिरंजीवी योजना का प्रीमियम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क पंजीकरण का दायरा बढ़ाकर सभी ई.डब्ल्यू.एस. तक करने की घोषणा की। इसके अनुसार सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित सभी वर्गों के 8 लाख से कम आय वाले परिवारों की प्रीमियम राशि



का भुगतान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 425 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 88 प्रतिशत परिवारों को कवर किया जा चुका है। 1.38 करोड़ परिवारों का बीमा प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा भरा जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि राज्य का चिकित्सा ढ़ांचा सुदृढ़ होने से मुख्यमंत्री की निरोगी राजस्थान की संकल्पना साकार हो रही है।

## चिरंजीवी भवः शॉर्ट फिल्म हुई रिलीज, दर्शकों का मिल रहा अच्छा रेस्पॉन्स

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित और राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित चिरंजीवी भवः शॉर्ट फिल्म 4 अगस्त को सुबह 11:15 बजे यूट्यूब चैनल इंडिया (india) पर रिलीज कर दी गई है। निर्देशक राम गोपाल सैनी ने बताया कि इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश वासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया गया है । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेशवासियों को चिकित्सा खर्चे से निश्चिंत होने को दर्शाया गया है । फिल्म के रिलीज होने पर दर्शकों का अच्छा रेस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। एक ही दिन में हज़ारों लोगों ने फिल्म को देखा है । शॉर्ट फिल्म के




मुख्य कलाकार मोहन सैनी, संदीप शर्मा, अंकिता शर्मा और नारंगी देवी हैं ।

## विश्व यादव परिषद के पदाधिकारियों का आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत कालाडेरा के स्थित पेट्रोल पंप के पास विश्व यादव के सभी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष रामदेव यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से क्षेत्र वाइज ढाणीयो घर -घर जाकर यादव समाज के लोगों को इस अहीर रेजिमेंट अहख को लेकर रविवार को कार्यालय पर सभी नए बने पदाधिकारियों को जिले व क्षेत्र वासियों को ज्यादा से ज्यादा यादव समाज के लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिए । इसके साथ ही विश्व यादव समाज परिषद के जिले से क्षेत्र से आए हुए पदाधिकारियों का साफा व माला स्मृति चिन्ह देकर इनका सम्मान किया । कार्यक्रम में पूर्व उप सरपंच अर्जुन लाल यादव व कोर कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा आए हुए पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में रेनवाल से विश्व यादव परिषद प्रचार मंत्री महेंद्र यादव ने यादव समाज के बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरे हुए युवा सभी को अब अपने हक की लड़ाई लानी है। अपने यादव समाज को गरीब तफ के ऊंचा उठाना



हमारा कर्तव्य बनता है। इसलिए हमारे को एकजुट होकर अभी यादव समाज ऊपर आना है और हमारे हक की जो जहां भी लड़ाई लड़नी होगी अपने समाज के एकजुट होकर आगे तक लड़ाई लड़ेंगे । इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष रामदेव यादव ने भी सभी आए दूरदराज से पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी इस बैठक में आई हुई यादव बंधुओं को एकजुट कर एक छत के नीचे बैठने का आव्हान किया।

इस कार्यक्रम में विश्व यादव परिषद प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव, दूदू से जिला अध्यक्ष रतन लाल यादव, किसान संघ जिला अध्यक्ष कैलाश चंद यादव, विश्व यादव परिषद युवा मोर्चा जयपुर जिला अध्यक्ष हीरालाल यादव, विराटनगर विधानसभा से अध्यक्ष श्रीराम यादव, नवलगढ़ विधानसभा से अध्यक्ष रामदेव यादव, कोर कमेटी के सदस्य अर्जुन लाल यादव, किसान संघ के महासचिव हीरालाल यादव, जयपुर जिला के महासचिव जगदीश यादव, सहित सैकड़ों यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा भाजपा वाले झूठा विरोध प्रदर्शन कर चौमूं की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे

**चौमूं (हमारा वतन)।** पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि मुझे सुबह न्यूज़पेपर से पता चला है कि भाजपा नेता व पार्षदों नगरपालिका ईओ को हटाने के लिए नगरपालिका के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे है। मैं भाजपा नेता व पार्षदों को बताना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा नगरपालिका को नगरपरिषद बना दी गई है। तो ईओ तो स्वतः ही हट जाएंगे, अब आयुक्त लगाया जाएगा। भाजपा नेता व पार्षदों को मालूम होना



चाहिए कि तिरंगा लाइटों की दर मुख्य अभियंता, डीएलबी द्वारा स्वीकृत है। भाजपा वाले झूठा विरोध प्रदर्शन कर चौमूं की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले भाजपा शासनकाल में नगरपालिका चौमूं में पेयजल समस्या के लिए 36 करोड रुपए स्वीकृत हुए थे। उसी दिन से चौमूं की जनता को एक दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई की जाने लगी। क्या 36 करोड रुपए पानी में बह गए ?

### मुख्यमंत्री आँकड़ों की आड़ में कब तक बच्चियों के साथ गैंगरेप कर ज़िंदा जलाने की घटनायें छिपाते रहेंगे : वसुन्धरा राजे

जयपुर(नि.सं.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि हर रोज़ औसतन 20 दुष्कर्मों की खबरों के बीच भीलवाड़ा ज़िले के नृसिंघपुरा गाँव में एक मासूम बच्ची के साथ गैंगरेप कर उसको भट्टी में ज़िंदा जला देने की घटना ने एक बार फिर से सिद्ध कर दिया है कि राजस्थान महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है।वह प्रदेश जहां हमारी पिछली भाजपा सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए फाँसी की सजा का प्रावधान किया था।कई दुष्कर्मियों को फाँसी की सजा भी सुनाई गई थी। राजे ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आँकड़ों की आड़ में कब तक ऐसी घटनाओं को छिपाते रहेंगे ? उनकी नाकामियों से भरी उपलब्धियों के आँकड़ो में हर रोज़ उनकी बेशर्मियाँ भी दर्ज होती जा रही है।जिससे राजस्थान की छवि निरंतर ख़राब हो रही है।

## एक शाम भारत माता के नाम व सम्मान समारोह 14 अगस्त को

**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान एवं भजन सम्राट संत प्रकाश दास महाराज के सानिध्य में अखंड भारत दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को एक शाम भारत माता के नाम व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । वरिष्ठ भाजपा नेता, अध्यक्ष स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान और कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रवण बराला ने बताया कि 14 अगस्त को गोविंदगढ़ स्थित वृंदावन गार्डन में दोपहर 3 बजे से सम्मान समारोह और शाम 6:15 बजे से संपूर्ण रात्रि भारत माता की आरती और भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें गौ भक्त और भजन सम्राट संत प्रकाश दास महाराज अपने भजनों से श्रोताओं को भावविभोर करेंग। इस दौरान नदी से नदी जोड़ो एवं बीसलपुर पेयजल सिंचाई आपूर्ति हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# बेटी फाउंडेशन क्लब ने किया 151 बेटियों का सम्मान, कल्चरल नेशनल अवार्ड सीजन-7 का हुआ सफल आयोजन




**जयपुर (हमारा वतन)।** शिक्षा के साथ-साथ बेटियों को अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं उनकी हर क्षेत्र में भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जे के मसाले प्रेजेंट कल्चरल नेशनल अवार्ड 2023 पॉवरड बाय केटीसी ग्रुप से सम्मानित किया गया । शो डायरेक्टर राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि गोपालपुरा बाय पास स्थित होटल मिस्टिक फाल्स में 151 महिलाओं और बेटियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केटीसी ग्रुप चेयरमैन राज खान ने शिरकत की । साथ ही सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट फिल्म प्रोड्यूसर अमित बोकाडिया, अन्य मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवक अकबर खान, पार्षद मनोज मुद्गल ने शिरकत की । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा शर्मा, सुनीता मीना, वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य महावीर कुमार सोनी, समाज सेविका राज कँवर राठौर, कीर्ति जोशी, संजय सरदाना, रितु अग्रवाल, बृजेश पाठक, फिल्म अभिनेता राज जांगिड़, डॉ. गोविंद सिंह, विकास जैन, अर्पित सिंहल, डॉ. अखिल शुक्ला, पुलिस महानिदेशक यातायात बृजेश जाटावत, विशाल बोकाडिया,सुरेश बोकाडिया, मनीष जैन,नेहा विजय, हनीफ सेख ,शिव जोशी,राजवीर गुर्जर, निक्स बोहरा, पंडित नवल शर्मा, मिताली सोनी, विनीता शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मंच संचालन रामा प्रजापत ने किया।

# 15 अगस्त पर डाक विभाग चलाएगा हर घर तिरंगा अभियान

**जयपुर (हमारा वतन)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के लिए डाक विभाग द्वारा तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है । जयपुर देहात मंडल डाकघर अधीक्षक मोहन सिंह मीणा ने बताया कि तिरंगा की कीमत 25 से 30 रुपए के मध्य रखी गई है । जयपुर ग्रामीण मंडल के 719 डाकघरों में तिरंगा आम जनता, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं, सरकारी संस्थाएं, फैक्ट्री, ट्रेनिंग संस्थान आदि के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा आम जनता ऑनलाइन ऑर्डर भी कर सकती है । इसकी आपूर्ति पूरे देश के 1.54 लाख डाकघरों के मार्फत आम जनता को की जाएगी । जनता जनार्दन से अपील है कि वह अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा लेवे तथा अपने घर में फहरावें।



# अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य को मिला इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एंड टेलिविजन अवॉर्ड

**मुंबई (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य को इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एंड टेलिविजन अवॉर्ड 2023 में ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया । आचार्य को यह सम्मान इफ्टा फाउंडेशन द्वारा मुंबई में द क्लब होटल में आयोजित इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एंड टेलिविजन अवॉर्ड शो में ब्राइट आउटडोर मीडिया योगेश लखानी, निवेदिता बसु क्रिएटिव हेड अतरंगी चैनल और रंजन कुमार सिंह टेलीविजन डायरेक्टर ने इफ्टा अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक और इफ्टा फाउंडेशन के फाउंडर निधि समाजपति और भैरू जैन, तूफान समाजपति ने बताया कि आचार्य ने कई सटीक भविष्यवाणी की है। आचार्य ने फिल्म, राजनीति, खेल जगत कई भविष्यवाणियां सटीक होने पर इनको इफ्टा अवार्ड से नवाजा गया है । शो में कई बड़े-बड़े एक्टर्स, उद्योगपति, मॉडल्स सम्मिलित हुए ।




# एहसास इवेंट के चलो गीत गाएँ संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** एहसास इवेंट एंड प्रोडक्शन द्वारा राजधानी जयपुर में चलो गीत गाएँ संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र से करीब 50 गायक कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। संगीत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांगिड़ समाज के प्रधान प्रत्याशी सत्यनारायण शर्मा कोटपूतली वाले रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखन शर्मा, नंदलाल खंडेला, बीसी शर्मा, मोहन, जगदीश, विनोद, विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा, विराज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, रिटायर्ड कैप्टन श्रीराम शर्मा आदि रहे। कार्यक्रम में जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष कंचन आनंद और मुकेश पारीक ने गेस्ट परफॉर्मेंस देकर सभी लोगों का दिल जीत लिया। इस दौरान करीब 50 गायक कलाकारों ने नए और पुराने गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया । उपस्थित दर्शक भी गीतों पर नाचने को मजबूर हो गए। काम्या फाउंडेशन वर्ल्ड की ओर से पंकज कुमावत ने सभी अतिथियों और गायक कलाकारों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया । वहीं विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने सभी अतिथियों और गायकों को मेडल देकर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम आयोजक शीला जांगिड़ और राकेश पाटीदार ने सभी कलाकारों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पहले ही प्रोग्राम को आपके द्वारा सफल बनाया गया आप सभी का हृदय से आभार। कार्यक्रम का संचालन मेघराज जांगिड़ और आकाश ने किया। फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग का जिम्मा हेमंत ने बखूबी संभाला।



# गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान चौमूं में भव्य सत्संग का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के राधाबाग कॉलोनी में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान चौमूं पर गुरुप्रेरणा सत्संग मंडल की ओर से भव्य सत्संग का आयोजन किया गया । जिसमें सीताराम राधेश्याम का गुणगान एवं सभी भक्तजनों द्वारा भजनों का गायन किया गया। सत्संग में शहर के सभी वरिष्ठ जनों एवं माताओं बहनों ने भाग लिया। राम दरबार की सुंदर झांकी भी सजाई गई।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार चौमूं के कार्यकर्ता द्वारा मिशन की गतिविधियों के बारे में बताया तथा शांतिकुंज हरिद्वार से चलाए जा रहे अभियान सद्ज्ञान व सद्रंथ की स्थापना की स्थापना के बारे में बताया । जिसमें घरों - घरों में वेद ग्रंथ की स्थापना की जाएगी। इस वर्ष भी शांतिकुंज हरिद्वार के लिए गेहूं का ट्रक 2 अगस्त 2023 को रवाना किया जाएगा जिसकी जानकारी से सबको अवगत कराया । वर्ष 2026 तक परम वंदनीय माता जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में ग्रह ग्रह गायत्री यज्ञ अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके लिए सब को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पवन माहेश्वरी, शिव प्रसाद माहेश्वरी, कमल कुमार खटोड़, राधेश्याम जांगिड़, ओमप्रकाश माधणी, रामावतार शर्मा, एड. जितेंद्र सिंह बिजावत, राजकुमार शर्मा, रामधन टाक, मदनलाल विजयवर्गीय, रामबाबू सैन, मालचंद बुनकर एवं परिव्राजक दयाराम राजपाल अन्य परिजन सभी उपस्थित रहे ।





# प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने हरिशंकर शर्मा वृंदावन वालों का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व सैनिक गनमैन गार्ड कल्याण संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में संघ के आधार स्तंभ हरिशंकर शर्मा वृंदावन वालों का साईं मंदिर इटावा भोपजी में शानदार स्वागत किया गया । इस दौरान संघ के डिजिटल मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह शेखावत खेजरोली ने भी हरिशंकर शर्मा के साथ पधारे हुए साथियों का एवं मातृशक्ति का माला पहनाकर स्वागत किया। वृंदावन से पधारे हुए सभी साथियों ने कैप्टन नाथावत का एवं संघ के संस्थापक भवानी सिंह लोहरवाड़ा का आभार व्यक्त किया। कैप्टन नाथावत के द्वारा साईं मंदिर में एवं अपने नाथावत फार्म हाउस इटावा भोपजी में जो मान सम्मान किया इसके लिए हृदय की गहराई से आभार जताया। इस दौरान ओम प्रकाश शर्मा भरतपुर, भूदेव प्रसाद शर्मा, बृजेश शर्मा, रिया शर्मा, कोमल शर्मा ,शैलेंद्र शर्मा, कन्हैया शर्मा, दीपक शर्मा, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# राहुल गांधी ने गोवा में दो पपी गोद लिए

3 महीने के जैक रसैल को अपने साथ दिल्ली लेकर आए; दूसरा बाद में आएगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। राहुल गांधी ने गोवा में दो पपी गोद लिए। जैक रसैल ब्रीड के 3 महीने के पपी को वे अपने साथ दिल्ली लेकर आए। दूसरा पपी बाद में उनके पास भेजा जाएगा। उन्होंने एक कुत्ताघर (कुत्तों का शेल्टर होम) जाकर दो पिल्ले पसंद किए। राहुल ने पहले अपने प्रतिनिधि को पिल्लों के बारे में जानकारी लेने के लिए भेजा था। बाद में वे खुद वहां पहुंचे और एक पपी लेकर दिल्ली लौट गए।



# जॉब्स

1. आईबीपीएस, पद पी ओ, पद संख्या 3049, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2023
2. राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, पद जूनियर असिस्टेंट जूनियर अकाउंटेंट व अन्य, पद संख्या 258, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2023
3. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, पद टीजीटी और हॉस्टल वार्डन, पद संख्या 6329, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2023
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद स्टेनोग्राफर, पद संख्या 1207, अंतिम तिथि 23 अगस्त 2023
5. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पद संख्या 430, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2023
6. भारतीय डाक विभाग, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 30041, अंतिम तिथि 23 अगस्त 2023
7. राजस्थान पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, ड्राइवर व अन्य, पद संख्या 3578, अंतिम तिथि 27अगस्त 2023
8. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एसआई पद संख्या 1876 अंतिम तिथि 15 अगस्त 2023




# कैंसर के बाद अब इस बीमारी की चपेट में आईं छवि मित्तल, सांस लेते वक्त...

छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री छवि मित्तल बीते काफी सालों से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। उनकी कॉमेडी को भी फैंस काफी पसंद करते हैं। बीते साल छवि ने अपने ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी का खुलासा किया था। इस खबर ने छवि के फैंस को काफी बेचैन कर दिया था। वहीं, एक्ट्रेस ने पूरी हिम्मत के साथ ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग जीता। इसके बाद वह लगातार फैंस के साथ अपनी हेल्थ अपडेट्स शेयर करती रहती हैं, लेकिन इसी बीच एक बार फिर से छवि ने अपनी एक नई बीमारी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है, जिसके बाद अब फिर से उनके फैंस चिंता में आ गए हैं।



**कैंसर के बाद अब इस बीमारी का शिकार हुई छवि-** छवि मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर कॉस्टोकॉन्ड्राइटिस नामक अपनी नई बीमारी का खुलासा किया है। उन्होंने अपने इस पोस्ट में लिखा, मैं नई बीमारी लाई हूं मार्केट में... इसे कोस्टोकॉन्ड्राइटिस कहा जाता है। ये सीने में चोट कार्टिलेज की चोट है। इसके पीछे की वजह कैंसर के इलाज के दौरान मेरे द्वारा लिए गए इंजेक्शन का रिएक्शन हो सकता है या यह लगातार खांसी हो सकती है या इनमें से बहुत सी चीजों की वजह से हुआ हो सकता है।

**सांस लेते वक्त होता है दर्द...** छवि अपने इस पोस्ट में आगे ये बताया कि उन्हें कॉस्टोकॉन्ड्राइटिस बीमारी की वजह से किन-किन चीजों में दिक्कत होती है। उन्होंने लिखा, इस बीमारी की वजह से सांस लेते समय, अपने हाथ और बाजू का इस्तेमाल करते समय, लेटते-बैठते, हंसते समय या लगभग हर चीज में दर्द होता है। नहीं, मैं इसके बारे में हमेशा पॉजिटिव नहीं रहती, लेकिन मैं शायद ही कभी निगेटिव होती हूं। तो, अपने सीने को हाथ में पकड़कर, मैं जिम जाती हूं, क्योंकि आपको पता है वो मेरे लिए कितना जरूरी है।

# निक्की तंबोली ने बिकिनी में दिए ऐसे पोज, फैंस बोले टू हॉट टू हैंडल

## निक्की तंबोली व्हाइट एंड येलो बिकिनी में काफी किलर अंदाज में पोज देती दिखाई दे रहीं...

निक्की तंबोली ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें निक्की का हॉट अंदाज देख फैंस के होश उड़ गए हैं। इस वीडियो में निक्की तंबोली एक से बढ़कर एक हॉट अदा के साथ फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराती नजर आ रहीं हैं। इस वीडियो में निक्की तंबोली व्हाइट एंड येलो बिकिनी में काफी किलर अंदाज में पोज देती दिखाई दे रहीं हैं। निक्की तंबोली इस स्ट्रेप्स वाली बैकलेस बिकिनी में बेहद हॉट एंड सिजलिंग अंदाज में कहर बरपाती नजर आ रहीं हैं। स्मोकी मेकअप के साथ खुले बाल निक्की तंबोली के इस लुक को और भी किलर बना रहे हैं। वीडियो में निक्की तंबोली अपनी पतली कमर और टोंड लैग्स को जमकर फ्लॉन्ट करती नजर आ रहीं हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए निक्की तंबोली ने इसे कैप्शन दिया - अगर आप भूल गए हैं कि बैड b!tch कैसी दिखती है...। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली अक्सर अपने हॉट एंड बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं।



# 14 साल बड़े आयुष्मान खुराना संग काम करने पर अनन्या पांडे ने किया रिएक्ट, कहा-'.. हैरान रह गई थी'

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस अनन्या पांडे जल्दी ही फिल्म ड्रीम गर्ल 2में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों से मिक्स रिस्पॉन्स मिल रहा है। अनन्या और आयुष्मान के बीच उम्र में 14 साल का फासला है। ऐसे में 14 साल बड़े एक्टर संग काम करने पर अनन्या ने रिएक्ट किया है।



**एज गैप पर बोलीं अननन्या-**फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अनन्या से आयुष्मान संग एज गैप के बारे में पूछा गया। इस पर अनन्या ने कहा कि उनके मुताबिक ये कोई इश्यू है ही नहीं। अनन्या कहती हैं, मुझे नहीं लगता है कि ये आज का इश्यू है। एज गैप तो हमेशा से था, मुझे नहीं लगता है कि लोग फिल्म देखने के दौरान इस बारे में सोचते हैं। अगर वो ऐसा सोचते तो ये एक समस्या होती। अगर दो लोग किरदारों में फिट बैठ रहे हैं तो फिर ठीक है।

**पूजा संग आया अनन्या को काम करने में मजा-**वहीं ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान संग काम करने पर अनन्या ने कहा कि वो उनके लटके झटके देख हैरान थीं। अनन्या कहती हैं, आयुष्मान के साथ शूट करने कमाल का था, बाकी पूजा के साथ काम करने में ज्यादा मजा आया। मैंने आयुष्मान को कोई भी इनपुट नहीं दिया, बल्कि खुद उनसे सीखा है। मैं उन्हें देखकर हैरान रह गई थी। गौरतलब है कि ड्रीम गर्ल 2, ड्रीम गर्ल का सीक्वेंस है। फिल्म में आयुष्मान, करमजीत के रोल में है, जो लड़की के आवाज से जादू चलाती है और उसका नाम पूजा देती है।



# मैकुलर डीजेनरेशन को इग्नोर करना पड़ सकता है भारी, उम्र बढ़ने के साथ जरूरी है आंखों की जांच

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आंखों और दृष्टि में बदलाव आना सामान्य है। उम्र बढ़ने के साथ करीब से देखने की क्षमता खोना, रंगों में अंतर करने में परेशानी होना, लाइट लेवल में बदलाव होने के साथ तालमेल बिठाना जैसी समस्याएं होती हैं। इसे ठीक किया जा सकता है। आंखों की कुछ बीमारियां गंभीर होती हैं। एज रिलेटेड धब्बेदार अधःपतन यानी मैकुलर डीजेनरेशन एक जटिल बीमारी है। यह व्यक्ति को अंधा बना सकती है। इसलिए इसके बारे में एक्सपर्ट से जानना जरूरी है।



**अंधा बना सकती है यह समस्या-**शार्प साईट आई हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. अवनीश देशमुख कहते हैं, उम्र से संबंधित धब्बेदार अधःपतन आंखों का रोग है, जो सेंट्रल विजन को धुंधला कर सकता है। ऐसा तब होता है जब उम्र बढ़ने से मैक्युला को नुकसान पहुंचता है। मैक्युला आंख का वह हिस्सा है, जो शार्प और सीधी दृष्टि को नियंत्रित करता है। मैक्युला रेटिना आंख के पीछे लाइट सेंसिटिव टिश्यू का हिस्सा है।'यह वृद्ध लोगों में दृष्टि हानि का एक प्रमुख कारण बन सकता है। इसके कारण व्यक्ति पूर्ण अंधा नहीं होता है। सेंट्रल विज़न खोने से चेहरे देखना, पढ़ना, गाड़ी चलाना, खाना बनाना या घर के आसपास चीजों को ठीक करने जैसे काम करना कठिन हो सकता है।

**कई बार लंबे समय तक नहीं नजर आते लक्षण-**डॉ. अवनीश देशमुख कहते हैं, 'कुछ लोगों में मैकुलर डीजेनरेशन बहुत धीरे-धीरे होता है, तो कुछ लोगों में यह तेजी से होता है। यदि शुरुआती एएमडी है, तो लंबे समय तक लक्षण दिखाई नहीं देंगे। मैकुलर डीजेनरेशन का पता लगाने के लिए उम्र बढ़ने पर नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है।'एज रिलेटेड एमडी 2 प्रकार के होते हैं। ड्राई और वेट। ड्राई एमडी को एट्रोफिक एमडी भी कहा जाता है। यह तब होता है जब मैक्युला उम्र के साथ पतला हो जाता है। वेट एमडी एडवांस्ड नियोवैस्कुलर एमडी कहलाता है। यह कम होता है, लेकिन तेजी से दृष्टि हानि का कारण बनता है।

**लक्षणों के हो सकते हैं अलग-अलग चरण -**डॉ. अवनीश देशमुख के अनुसार, एज रिलेटेड एमडी के लक्षण चरण पर निर्भर करते हैं। ड्राई एएमडी 3 चरणों में होता है। प्रारंभिक, मिडल और लास्ट। एमडी एक प्रगतिशील बीमारी है। लक्षण आमतौर पर समय के साथ बदतर होते जाते हैं।प्रारंभिक ड्राई एमडी में किसी भी तरह का लक्षण नहीं दिखता है।ड्राई एमडी मिड फेज में पहुंचने पर भी कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। हल्का धुंधलापन या कम रोशनी में देखने में परेशानी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। कुछ लोगों को सीधी रेखाएं या टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएं दिखने लगती हैं। समय के साथ धुंधलापन बढ सकता है। रंग पहले की तुलना में कम चमकीले लग सकते हैं और कम रोशनी में देखने में अधिक परेशानी हो सकती है।

**जानिए क्या हो सकता है मैकुलर डीजेनरेशन उपचार-**एएमडी का उपचार चरण और प्रकार पर निर्भर करता है। शुरुआती एज रिलेटेड एमडी के लिए वर्तमान में कोई इलाज नहीं है।



# त्योहारों से भरा है अगस्त का महीना, हरियाली तीज नाग पंचमी और रक्षाबंधन

हिन्दू धर्म में हर त्योहर का अपना महत्व होता है। इस समय भगवान शिव को समर्पित सावन का पवित्र महीना चल रहा है। अधिकमास होने के कारण सावन का महीना दो महीने का हो गया है। इस कारण सावन के सभी विशेष त्योहार अगस्त में पड़ रहे हैं। पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा के बाद से सनातन धर्म के त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो चुकी है जो कार्तिक माह तक चलेगी।मान्यता है कि इस महीने में किया गया पुण्य अन्य महीनों में किए पूजा-पाठ, दान से 10 गुना अधिक होता है। वहीं सूर्य के कर्क राशि में आने के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना भी शुरू हो गया है। अगले 6 महीने तक दक्षिणायन रहेगा। साथ ही देव शयन होने से चातुर्मास भी चल रहा है। अधिक मास 16 अगस्त तक रहेगा। यानी पुरुषोत्तम मास समाप्त होकर 17 अगस्त से शुद्ध श्रावण मास प्रारंभ होगा। इस शुद्ध श्रावण मास में विभिन्न पर्व त्योहार मनाए जाएंगे। ज्योतिष विशेषज्ञ पं उमेश शास्त्री दैवज्ञ के अनुसार पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा के बाद से सनातन धर्म में त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो गई है, जो कार्तिक माह तक चलेगी। सावन की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सावन का मुख्य पर्व हरियाली तीज 19 अगस्त को रहेगी। इसके बाद 21 अगस्त को नाग पंचमी पर्व पर भोलेनाथ व उनके नाग की पूजा होगी। 30 अगस्त को भाई-बहन के अमर प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन मनाया जाएगा। अगस्त के पूरे महीने में ग्रह नक्षत्र और योगों का बेजोड़ संयोग भी बनेगा।

# विदाई के समय दुल्हन क्यों फेंकती है अपने सिर के ऊपर से चावल जानिए इसका धार्मिक महत्व

हिंदू धर्म में शादी-विवाह के दौरान कई तरह के रीति-रिवाज निभाए जाते हैं जिनका अपना एक विशेष महत्व होता है। ऐसी ही एक रस्म है विदाई के दौरान दुल्हन का सिर के ऊपर से चावल फेंकना। क्या आप जानते हैं कि यह रस्म क्यों निभाई जाती है।

**कैसे की जाती है ये रस्म** जब शादी संपन्न होने के बाद विदाई का समय आता है तो उस समय दुल्हन से चावल फेंकने की रस्म कराई जाती है। यह रस्म लकड़ी के मायके में कराई जाती है। इस दौरान दुल्हन अपने दोनों हाथों में चावल लेकर अपने सिर के ऊपर से पीछे की ओर फेंकती हैं। ऐसा 5 बार करना होता है और इस रस्म के दौरान पीछे मुड़कर देखने की मनाही होती है। वहीं लड़की की मां और बाकी औरतें पीछे एक कपड़ा लेकर चलती हैं जिसमें वह चावल गिरते हैं। इस चावलों को नीचे जमीन पर गिरने से बचाना होता है।

**क्या है मान्यता** हिंदू धर्म में लड़कियों को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। विवाह के दौरान विदाई के समय दुल्हन द्वारा सिर के ऊपर से चावल फेंके जाते हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# कहीं क्यों टूटता है सामाजिक ताना-बाना

कभी पश्चिम बंगाल, कभी महाराष्ट्र, तो कभी हरियाणा, देश के विभिन्न कोनों से हिंसा की खबरें आती रहती हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? भारतीय समाज, जिसे अपेक्षाकृत शांत माना जाता है, वह वक्त-बेवक्त यूं आक्रामक क्यों होने लगा है? दरअसल, जब भी किसी समाज में संवाद की कमी हो जाती है, तो उसमें तनाव बढ़ जाता है, जो बाद में हिंसा के रूप में सार्वजनिक होता है। संवाद के लिए जरूरी है, अनुकूल सामाजिक माहौल का कायम रहना। इसमें आपसी विश्वास की भी दरकार होती है। जब ये सब चीजें छीजने लगती हैं, तो हिंसा के लिए जमीन तैयार होने लगती है। हरियाणा के मेवात में अभी जो कुछ हो रहा है, उसका कारण भी यही सब है।


राम गोपाल सैनी

सांप्रदायिक हिंसा अथवा तनाव की दूसरी वजह है, समाज का जड़ होते जाना। जो समाज जितना अधिक लचीला होता है, उसमें संवाद की गुंजाइश उतनी अधिक होती है। समाज के अनुदार होते ही वह रूढ़ होने लगता है, जिसमें अस्मिता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हाल-फिलहाल तक हम अस्मिता को 'इम्पावरिंग एजेंसी' मानते रहे हैं, यानी यह लोगों को सशक्त बनाने में मददगार मानी जाती रही है, पर अब यह 'कॉन्टेस्टिंग एजेंसी', यानी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने वाला कारक बनती जा रही है। इससे सामाजिक समरसता खत्म होने लगी है। मणिपुर में आज जो कुछ हो रहा है, उसका कारण यही अस्मिता का संकट है। कुकी और मैतेई, दोनों समुदायों के लोग अपनी-अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। इसके लिए उन्हें शासन में पर्याप्त जगह और सत्ता में उचित भागीदारी चाहिए।सामाजिक असुरक्षा के कारण भी लोगों में तनाव पैदा होता है। यह अविश्वास बढ़ाने का एक प्रमुख कारक है, और जब अविश्वास बढ़ता है, तब तनाव व हिंसा के लिए जगह बनने लगती है। अस्मिताओं का रूढ़ होना भी सामाजिक असुरक्षा बढ़ाता है। यही कारण है कि पहचान अथवा अस्मिता को लचीला बनाने के प्रयास किए जाते हैं। अस्मिता की राजनीति करने वालों के लिए यह बहुत जरूरी है कि वे अस्मिता के प्रति लोगों की कट्टरता को कम करने का भी काम करें। सामाजिक असुरक्षा की स्थिति में यह दायित्व प्रशासन का है कि वह तनाव को जन्म देने वाली स्थितियों का दमन करे। हमें सामाजिक बहाव को भी जड़ होने से रोकना होगा। अगर सामाजिक रिश्ते उदार होते हैं, तो वे लोगों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। मगर इस रिश्ते का अनुदार होना सामाजिक संघर्ष के लिए खाद-पानी का काम करता है। फिर, सामाजिक असुरक्षा, संवाद की कमी, आपसी अविश्वास, अस्मिता का संकट आदि सब मिलकर नकारात्मक माहौल पैदा करते हैं और सामाजिक ताने-बाने को तोड़ देते हैं। सांप्रदायिक हिंसा कोई अपवाद नहीं है। इसके लिए भी अनवरत एक माहौल बनता रहता है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

अंगदान महाअभियान की शुरूआत

# अंगदान से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं: मुख्यमंत्री



- 8 लाख से कम आय वाले सभी वर्गों को नहीं देना पड़ेगा चिरंजीवी योजना का प्रीमियम
- 771 करोड़ रूपए के 249 कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण
- 10 चिरंजीवी 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस एवं 25 मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अंगदान से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। वर्तमान समय में आवश्यकता के मुकाबले बहुत कम संख्या में अंगदान हो रहा है। इसलिए समाज को अंगदान के लिए आगे बढ़कर संकल्प लेना चाहिए। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर अंगदान महाअभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में अंगदान महाअभियान पखवाड़े का शुभारंभ कर इसके पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि आमजन में बिना संकोच के अंगदान की भावना विकसित करने के लिए यह मुहिम शुरू की गई है। अंगदान के लिए सकारात्मक माहौल बनने से लोगों की कीमती जिंदगियां बचाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिरंजीवी योजना के तहत अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे इलाज को भी निःशुल्क कर दिया गया है। राज्य के बाहर जाकर अंग प्रत्यारोपण कराने वाले प्रदेशवासी भी इसका लाभ उठा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को अंगदान करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 771 करोड़ रुपए की लागत के 249 कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने दस चिरंजीवी 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस एवं 25 मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य राज्य सरकार की मुख्य



प्राथमिकताओं मे है। प्रदेश में लगातार नए जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य में 30 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। शेष तीन जिलों में सरकार ने स्वयं के खर्चे पर मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला किया है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।

# ज्ञानवापि मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें एएसआई को वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में वजू खाना को छोड़कर पूरे परिसर का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा दिए गए वचन को दर्ज किया कि वह सर्वेक्षण के दौरान स्थल पर कोई खुदाई नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने आगे निर्देश दिया कि एएसआई मौजूदा संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना गैर-आक्रामक पद्धति का उपयोग करके सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरा करेगा। पीठ ने मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी के उस अनुरोध पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एएसआई रिपोर्ट को तब तक सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए जब तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से संबंधित एक और लंबित याचिका पर फैसला नहीं हो जाता।

## जयपुर डिस्कॉम के 3 लाइनमैन 13 हजार रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

सवाई माधोपुर(वि.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सवाई माधोपुर इकाई ने कार्यवाही करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) के तीन लाइनमैन भीम सिंह जाटव, नरसीलाल बैरवा एवं जितेन्द्र कुमार सैनी तीन को 13 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इन तीनों के ठिकानों पर छापेमारी कर तलाशी ली जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की सवाई माधोपुर इकाई को दी गई शिकायत में परिवादी ने आरोप लगाया था।

## (कविता) खुद

है हमारा क्या जहाँ में
इस जहाँ में हम जो ठहरे
हो भला क्यों न ऐसा
खुद में हम.. कम जो ठहरे
खुद से खुद की दूरियाँ
हो सकीं हैं तय न अब तक
बस दूजे तक सीमित रहे हैं
हासिल हुआ है जय न अब तक
खुद को खुद पर खर्चने का
हुनर अभी आया नहीं है
गलत फहमी पाल ली है
के कोई पराया नहीं है
खुद को खुद पर खर्च कर के
अपव्ययी कहलाना चाहूँ
खुद को खुद से मिलाकर
मितव्ययी कहलाना चाहूँ
मौन होकर..मूक सा मैं
खुद से खुद की बात करता
है भला कौन जग में
जो खुद के खातिर खुद है मरता
जोड़कर खवाबों को अपने
इक नया रस्ता बनाया
खुद को है महंगा बनाया
शौक को सस्ता बनाया
अब जियूँगा खुद के खातिर
खुद ब खुद.. खुद से कहा है
आखिर मेरा भी तो मुझसे
इक पुराना रिश्ता रहा है
खुद से खुद की खामियों को
इक न इक दिन ढूंढ़ लूंगा
अब तो हूँ ना मैं मुक़म्मल
खुद ही खुद से पूछ लूंगा


-सिद्धार्थ गोरखपुरी

## तांडव (कविता)

किस्मत के मारे हैं सारे
मणिपुर के वाशिंदे सारे
सूनी सड़कें वीरान सहर हैं
चित्कार बहुत पर बहरापन है
आग लगी है घर घर में
मौत का तांडव चौराहे में
राघव ही रखवाला अब तो
मानव का दीवालापन है
सहर में दिखता भीषण मंजर
निर्दोषों पर चलते खंजर
जान बचाना हुआ है दूभर
इंसानों का पागलपन है
नारी की अस्मत लूटी है
जनता की किस्मत फूटी है
वज्रपात की रेखा टूटी है
ये दहशत का वहशीपन है
ना कौरव हैं ना पांडव हैं
ना कुरुक्षेत्र ना महाभारत है
ना केशव है ना अर्जुन है
ना दुस्सासन ना दुर्योधन है
पर महाभारत जैसा रण दिखता है
घनघोर भयंकर क्षण दिखता है
अब चीर हरण में नहीं देर है
अधर्म युद्ध का स्वर दिखता है
अब आजा ओ मेरे लीलाधर
पांचाली का मरण दिखता है
अब आजा ओ मेरे रघुनंदन
फिर सीता का हरण दिखता है
ये दर्द है मानव जाति का
ये दर्द मणिपुर माटी का
ये दर्द है जम्मू घाटी का
अब इससे छुटकारा दो
निर्दोष जनों को सहारा दो


विनोद शर्मा वेणु
सीकर




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा